हस्तप्रत १२१३८३

भावार्थ - काम-काज में भाग-दौड़ करते हुए दिन बीत गए और शाम(रात) तो सोने में ही बीत गई। न आगम सुना (ज्ञान की बातें सुनीं) और न प्रभु का भजन किया, इस प्रकार जिन्दगी निष्फल हो गई।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गणि श्रीकीर्तिउदय कृत

वरतीपुरमंडन श्रीमल्लिजिन स्तवन

गजेन्द्र शाह

अनंत जीवराशि से भरे इस संसार में मोक्ष में जाने वाले जीवों की संख्या शास्त्रों में अनंतवें भाग मात्र ही कही है। वह अनंतवाँ भाग भी ऐसा की सुनते ही हृदय थम जाए। कहा गया है कि एक सूई की नोंक के बराबर आलु के बारीक अंश में ज्ञानियों ने अनंत जीव कहे हैं। उसके भी अनंतवें भाग मात्र ही जीव आज तक मोक्ष में गए हैं। बात यहाँ तक ही सीमित नहीं है। आज से अनंत चौबीसी के बाद भी यदि किसी केवली भगवंत को पूछा जाए तब भी यही उत्तर मिलेगा। कभी भी ऐसा उत्तर नहीं मिलेगा कि एक सम्पूर्ण आलु जितने जीव मोक्ष में गए हैं। उसमें भी गणधरादि पद पर रहकर मोक्ष में जाने वाले जीव बहुत ही कम होते हैं। तीर्थंकर पद पर रहकर मोक्ष में जाने वाले जीव तो अत्यंत ही कम होते हैं। १० कोडाकोडी सागर की एक अवसर्पिणी जितने लंबे काल में मात्र २४ तीर्थंकर होते हैं। तीर्थंकर पदवी विश्व की सर्वोच्च पदवी है। प्रकृष्ट पुण्य के धनी ही इसे प्राप्त कर पाते हैं। ऐसे पुण्य की प्राप्ति भी 'सवि जीव करुं शासन रसी' जैसी उच्च भावना एवं विशिष्ट तपादि से ही संभव है।

तीर्थंकर नाम कर्मोपार्जन करने वाले अनंत पुन्यराशि के धनी जीव को तीर्थंकरत्व के अंतिम जन्म में भी कई बार अघटित प्रतीत होनेवाले एवं आश्चर्योत्पादक पूर्वजन्मकृत कर्मों के फल का भुगतान करना पड़ता है। जैसे भगवान महावीर ने तीसरे भव में उपार्जित नीचगोत्रकर्म को कई भवों में भुगता है, फिर भी कुछ शेष रहे कर्म ने उन्हें देवानंदा की कुक्षि में डाल दिया और फिर गर्भहरण करना पडा, जो कभी न होने वाली एक आश्चर्यरूप घटना का निर्माण हो गया। इस अवसर्पिणी के १० आश्चर्यों में दूसरी भी एक घटना घटित हुई कि तीर्थंकर कभी भी स्त्री के रूप में जन्म नहीं लेते। १९वें तीर्थंकर मल्लिनाथ, पूर्व भव में माया युक्त तप करने के परिणाम स्वरूप स्त्रीत्व को प्राप्त हुए। अनंत अवसर्पिणियों के बाद आनेवाली हुंडा अवसर्पिणी में कर्मों ने तीर्थंकरों तक को नहीं छोड़ा। वे तो उन कर्मों से मुक्त होकर सिद्धत्व को प्राप्त हो गए। परन्तु हम अभी भी इस संसार में भटक रहे हैं। हमारे भी अनादिकालीन क्लिष्ट कर्म नष्ट हों एतदर्थ १९वें तीर्थंकर श्रीमल्लिनाथजी की स्तवनारूप प्रायः अप्रकाशित एक कृति का यहाँ प्रकाशन किया जा रहा है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'वरतीपुरमंडणो मल्लिदेवो' कहकर कर्ता ने प्रभु की स्तवना की है, इससे प्रतीत होता है कि वरतीपुर नाम से मल्लिनाथजी का कोई तीर्थ होना चाहिए। वर्तमान में मल्लिनाथजी के तीर्थ में गुजरात स्थित भोयणी सुप्रसिद्ध है। वरतीपुर के बारे में अभी तक हमें कोई विवरण प्राप्त नहीं हो पाया है। वाचकों से नम्र निवेदन है कि यदि आपके पास इस संदर्भ में विशेष विवरण उपलब्ध हो तो हमें ज्ञात कराने का कष्ट करें।

कृति परिचय

कृति की भाषा मारुगुर्जर है। पद्यबद्ध इस कृति में १४ गाथाएँ, २ ढाल एवं कलश दिया गया है। प्रथम ढाल में श्रीमल्लिनाथजी की स्तवना की है। दूसरी ढाल में कर्ता ने अपनी गुरु परंपरा का उल्लेख किया है और कलश में फलश्रुति देते हुए कहा है कि मोहांधकार के निवारक, अच्छे दिन देने वाले, सूर्य के समान उत्तम ऐसे ये जिनेश्वर यदि मिल जाएँ तो दुर्गति के भय व सारे कष्ट दूर हो जाएँ। मनोवांछित फल की प्राप्ति हो जाए और हृदय हर्ष से भर जाए।

कृति का रचना वर्ष 'वेदसायकरसचंद' वि.सं. १६५४ है। कृति के रचना स्थल के बारे में कोई विवरण उपलब्ध नहीं है। 'वरतीपुरमंडणो मल्लिदेवो' के नाम से स्तवना की है तो संभव है कि रचना भी उसी स्थल पर की हो। गाथा ७, ८, १० के अंत में एक अतिरिक्त पद भी दिया गया है। इस भावपूर्ण कृति की शब्दरचना वाचक को विशेष प्रभावित करती है। कृति में कर्ता ने प्रभु के माता-पिता के नाम, लंछन और वर्ण को समाविष्ट करते हुए एवं मिथ्यादेवों को छोड़कर मल्लिजिन को भजने का निर्देश देते हुए स्तवना की है। प्रारंभ में दिया गया पद 'सुखसागरीया रे, तोनि वीनवुं वारोवार' आंकणी का पद दूध में रही शक्कर की तरह कृति की मधुरता में अभिवृद्धि करता है।

कर्ता परिचय

प्रस्तुत कृति के कर्ता श्रीकीर्तिउदय गणि तपागच्छीय विद्वान हैं। उनके गुरु का नाम चारित्रोदय गणि और गच्छनायक श्रीविजयसेनसूरि महाराज थे। कर्ता का समय कृति के रचनावर्ष के आधार पर वि.१६५४ माना जाता है। आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा में संग्रहित सूचनाओं के आधार पर कर्ता की अन्य एक कृति 'महवीरजिन स्तवन' है। यह कृति भी प्रस्तुत कृति के साथ एक ही प्रत में उल्लिखित है एवं यह भी प्रायः अप्रकाशित है। कर्ता की अन्य कृतियाँ तथा शिष्यपरंपरादि के बारे में विशेष जानकारी अनुपलब्ध है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत परिचय

प्रस्तुत कृति का संपादन आचार्य श्रीकैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा की एक मात्र प्रत क्र. ४०७८८ के आधार पर किया गया है। एक ही पन्ने की इस संपूर्ण प्रत में दो कृतियाँ हैं। दोनों ही कृतियाँ एक ही कर्ता की हैं और उनमें से 'मल्लिजिन स्तवन' कृति प्रथम क्रमांक पर है। प्रत की लिखावट सामान्य व सुवाच्य है, लेकिन अधिक मात्रा में पानी से विवर्ण होने के कारण अक्षरों की स्याही फैल गयी है अतः ध्यान से पढने पर पाठ ग्राह्य हो पाता है। प्रत की स्थिति मध्यम है। प्रत की लंबाई-चौडाई २६×११ है। पंक्ति संख्या १६ से १७ एवं प्रति पंक्ति अक्षर संख्या लगभग ५१ है। श्याम पार्श्वरेखाओं से युक्त एवं गेरु लाल रंग से अंकित विशेष पाठों वाली इस प्रत का समय वि.१८वीं होना संभव है। प्रत के अंत में प्रतिलेखन पुष्पिका न होने से लेखकादि की सूचनाएँ अप्राप्य हैं।

वरतीपुरमंडन श्रीमल्लिजिन स्तवन

॥ऎ॥ सरस्वत्यै नमः॥

सुखसागरीया रे, तोनि वीनवुं वारोवार।
तोनि भेटवा हरख अपार, तारुं दरसण दि एक वार॥
सुखसागरीया रे तोनि वीनवुं वारोवार ॥१॥

कुंभ नरेसर कुंयरू रे, शुभ गुणरयण भंडार।
त्रिभुवन तिलक समाणडउ रे, उ जयउ जगदाधार सुख०॥२॥

धन धन देवी प्रभावती रे, जस कुखि तुझ अवतार।
कंभ(कुंभ) लंछण रुलियामणउ रे, तीन भुवन सिणगार सुख०॥३॥

देवपणु धन ताहरुं रे, सयल जीव हितकार।
एकमना आराहिउ रे, मुगति दीइ निरधार सुख०॥४॥

ज्ञान अनंत प्रभु ताहरुं रे, बल अनंत उदार।
समर्यां संकट तुं दलइ रे, आपइ भवनु पार सुख०॥५॥

हरिहर ब्रह्मादिक घणा रे, देव हूया नामधार।
विषय कषाय विलादिया रे, खेलइ खेल हजार सुख०॥६॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एहवां देव न मानीय रे, जु होइ अकल लिगार।
ते किम भगतनि उद्धरइ रे, जे धरइ नवा अवतार।
देव जि लीइं नवां अवतार सुख०॥७॥

मुगति तणा जे अरथीआ रे, ते सुणउ एह विचार।
देव ति कोई ज सेवीइ रे, जे तरीयु संसार।
देव जे न पडइ संसार सुख०॥८॥

मल्लि जिणिंद वालउ मुझ मिल्यु रे, अनंत सुख दातार।
प्रह ऊठीनि जे नमइं रे, ते तरसी संसार सुख०॥९॥

नीलवरण तनु अति भलुं रे, तेज तणो अंबार।
दरसण द्यु प्रभु आपणुं रे, विनतडी अवधार।
म्हारी वीनतडी अवधार सुख०॥१०॥

॥ राग- धन्यासी ॥

चिरं जयउ चिरंजयउ सयल मुनिनायको, श्रीतपगछनुं एह राजा।
श्रीविजयसेनसूरि परम भट्टारको, दिन दिन दीपता बहू दिवाजा चिरं०॥११॥

प्रचुर पंडित तारा गण सारिसा, तेहमाहि चंदसमुप विराजइ।
प्रवर पंडित चारित्रउदय गणि, भूरि भविकनि ए निवाजइ चिरं०॥१२॥

वेदसायकरसचंद संवछरो वरतीपुरमंडणो मल्लिदेवो।
कीर्त्तिउदय थुण्यु सुरतरुसम गण्यु, मुगतिगामी तुम्हे नित्य सेवो चिरं०॥१३॥

॥ कलस ॥

मइं भगति आणी केवलनाणी, गायुं मल्लि जिणेसरो।
मोहतिमिर वारण सुदिन कारण, उत्तम एह दिणेसरो।
मनवांछित पूरइ दुःख चूरइ, कुगतिना भयना निरदलीइ।
हीउं हरख भरीइं भवनिधि तरीइ, एवां साहिब जु मिलइ ॥१४॥

॥ इति श्रीमल्लिदेव संस्तवं संपूर्णमिति ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सोळमा शतकनी गुजराती भाषा

मधुसूदन चिमनलाल मोदी

रा. केशवराम शास्त्रीए सं. १४५९नुं जे खत छपाव्युं छे तेनी वास्तविकता पूरवार करवा तेमणे सं. १४७४ना पावळीआना लेखनो टेको लीधो छे। स्वरयुग्म **अउ=ओ** थयानो तेमां पूरावो रजु कर्यो छे। पावळिया सामान्य रीते माणसना मरण पछी ऊभा करवामां आवे छे; एटले व्यक्तिना मरणनो सालदिवस एज पावळिया लखाणनो सालदिवस होय एम मानवाथी आपणे प्रमाणाभासमां पडीए छीए सं. १४५९ वाळा खत संबंधे मारे एटलुं ज पूछवानुं के ते काले प्रवर्तमान विभक्तिना अनुषंगी शब्दो जेवा के **रहइ, तउ, थउ** (जे **मुग्धावबोध-औक्तिकमां** निर्दिष्ट छे) तेना प्रयोग तेमां मालूम पडे छे? जो ए तेमां मालम न पडता होय तो दस्तावेज अने पावळीआनो समय संदिग्ध ठरे छे। लेखनप्रकार आंतरिक भाषा-घडतरना अनुवादात्मक पूरावा तरीके होइ शके; नहि के स्वतन्त्र पूरावा तरीके. अत्यारसुधीनां बधां विवेचनोमां आ लेखनप्रकारना पूरावा (स्वरयुग्म **अइ=ए** अने **अउ=ओ**)नो स्वतन्त्र पूरावा तरीके उपयोग थयो छे। पंदरमा अने सोळमां सैकामां 'जालहुर'-मारवाडथी मांडी प्रभास पाटण अने जूनागढ तरफ पश्चिममां अने नवसारी सुधी दक्षिणमां घडतरमां सरखी ज गुजराती भाषा प्रवर्तमान हती। सोळमा सैकाना आदिमां आ अनुषंगी शब्दो वपराशमां ओछा थवा लाग्या। ते काळना गद्यनां अवतरणो सालवारी प्रमाणे उपर टांक्यां छे ते उपरथी आ विधानननी यथार्थता समजी शकाशे।

उपर जेम गद्यनी चर्चा करी तेवीज रीते सोळमा सैकानी कविताना पूरावा उपरनुं विवेचन अनुपूर्ति तरीके आपवुं सयुक्तिक छे। लेखनप्रकारनी बाबतमां बहु सावचेतीथी पूरावा आपवानी जरूर छे। श्री नरसिंहरावे Gujarati Language and Literature Vol ll P. 205-207 पर आपेला नियमो सामान्य रीते हाथप्रतोनी भाषा पारखवा काजे स्वीकार्या छे। ते काळना कविओनी भाषा चर्चा माटे नीचेनो कोठो ठीक थई पडशे:-

कवि	ग्रंथनाम	रचना साल	हाथप्रतनी सा.
जयशेखरसूरि	त्रिभुवनदीपक प्रबंध	पंदरमो सैको आशरे १४६२	x
शालिसूरि	विराटपर्व	"	सं.१६०४
?	वसंतविलास	"	सं.१५०८

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वछ	मृगाङ्कलेखा रास	सं. १५२०नीं आसपास	सं.१५८२
”	”	”	सं.१६५७
पद्मनाभ	कान्हडदेप्रबंध	सं.१५१२	X
भीम	हरिलीला	सं.१५४१	सं.१५७४
भालण	कादंबरी	सं.१५५० आशरे	सं.१६७२
हर्षकुल	वसुदेवचुपइ	सं.१५५७	सं.१६०६
कर्मण	सीताहरण	सं.१५२६	सं.१६०५
जनार्दन	उषाहरण	सं.१५४८	सं.१६७३
लावण्यसमय	विमलप्रबंध	सं.१५६८	सं.१५८४

जयशेखरना **त्रि. दी** मां **रहइ** तेमज बीजा अनुषंगी शब्दोना प्रयोग मालूम पडे छे; जो के आ ग्रंथनी प्रतो मोडा समयनी मळे छेः दा. त. पं. लालचंदनी आवृत्ति; पा. १४.

सूकां तृणां चरई वनवासु न करइं कहिनउ किसिउ विणासु।
ते मृग ऊपरि आयुध वहइं अम्हरहइं विविर्जिऊं मूरख भणइं ।।

शालिसूरिना विराटपर्वमांथी नीचेनो भाग टांकुं छुं. वाचके ध्यानमां लेवानुं छे के हाथप्रतनो लखाया संवत जो के १६०४ छे पण विक्रमना पंदरमा शतकना पूर्वार्धनुं आ काव्य होवुं जोईए। आ काव्य अप्रसिद्ध छे अने गायकवाड ओरीएन्टल सीरीझमां प्रो. बळवंतराय ठाकोर, श्री. मोहनलाल दलीचंद देशाई अने मधुसूदन चिमनलाल मोदीथी संपादित थवाना पंदरमा अने सोळमां शतकना गुजरातीना काव्यसंग्रहमां तेनुं स्थान छे। शरूआतनो भाग टांकुं छुः-

कासमीरमुखमंडण माडी तूं समी जगि न कोइ भिराडी
गीतनादि जिम कोइल कूजइ तूं पसाइ सवि कुतिग पूजइ ।।
भारती भगवती एक मागूं चित्त पांडव तणे गुणि लागउं
आपि मूं वचन तूं रसवांणी हूं करउं जिसिं प्राकृत वाणी।
पंच पंडवि वनंतरि विमासिउं तेरिमूं वरस केमि गमेसिउं
बुद्धि नारदि महारिषि आपी मध्यदेश रहियो तुह्मि व्यापी ।।
षेजडीसिहिरि शस्त्र नियुंज्या देहरूप वलि मंत्र प्रयुंज्या
द्रुपदीरहइं ते मति आली ग्या विराट नृपमंदिरि चाली ।।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पंक्ति ३. तणे अने पं. ६. **रहियो** आ पाछळनी लेखन प्रकारनी असर जणाय छे; पं. ८मां **रहइं** अनुषंगी शब्दनो प्रयोग छे। आखा य काव्यमां अजाण्ये समकालीन लेखनप्रकार कोक कोक वार देखा दइ दे छे।

आ पछी सं. १५०८मां लखायेलुं **वसंतविलास**मांथी दाखलो लउं छुं। आ काव्य गू.व. सो. तरफथी दि. बा. के. ह. ध्रुव संपादित **प्राचीनगुर्जरकाव्य**मां लेवामां आव्युं छे:

रहइनो प्रयोग श्री नरसिंहरावनां Lectutes ll P 122 प्रमाणेः

वालंभ रहइं सुविचार। (st 72);

ज्यारे दि. बा. के. ह. ध्रुवनी वाचना प्रमाणे **प्राचीन गुर्जर काव्य पा.** २२

कडी. ७०)

एकि रे दिइ बाली ताली छन्दिहिं रास
एक दिइ उपालम्भ रे वालम्भरि सविलास

ए ज प्रमाणे कडी ३० :

बउलविलूधला महुअर बहु अ रचइं झणकार
मयणर हइ आणन्दण वन्दण करइ कइ वार ।।

बीजी पंक्तिमां-**मयणर हइं आमन्दण** ए वाचना ठीक होय; अथवा तो **मयणरि हइआणन्दण** एम होवुं जोईए **रहइं, रि** छट्ठी विभक्तिमां प्रयुक्त।

आखुं काव्य तत्कालीन भाषाविशेषोथी भरपूर छे। स्वरयुग्म **अइ=अइ, इ, ए**

(दा.त. ए **ए** जवल्लेज कडी ३२ **के=कि) अउ=अउ** अने **उ.** सोळमां सैकानी शरुआतमां छिए ते दश्यमान थाय छे।

ते ज प्रमाणे सं. १५१२नो **कान्हडदेप्रबंध. लगइ**= 'थी' 'साथे'ना अर्थमां

तहीं लगई जगि जालहुर जण जम्पइ इणि कालि ।।

(देरासरी. आवृ. १. पा. २ कडी ७)

तिणि अवगणिउ माधव बम्भ तांहि लगइ

विग्रह आरम्भ (सदर. पा. २. कडी ७)

रहइं=री छट्ठीना प्रयोगे कोइ कहेशे के आ तो मारवाडीनी असर छे। पण ते

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मनातुं नथी कारण के जो एम होय तो रो, रा, रुना प्रयोयो साथे होय ते नथीः

रंग बिरंगी मूहगइ मूलि पहिरइ एक कणयरी झूलि।

(सदर. पा. ७५. कडी ४८)

स्वरयुग्म संबंधे अने जोडणी चर्चा विषे जुओ

श्री नरसिंहराव Lectures LL P 30-31. **अइना ए** थयानां सोळेक स्थळो **कान्हडदे**मांथी टांक्यां छे।

वछना **मृगांकलेखारासमां**थी अवतरणो आपुं छुं। आ काव्य पण सोळमाना पूर्वार्धमां लखायुं छे। अउनो ओ थवा विषे चर्चा आ काव्यनी सं. १५८२नी हाथप्रतनुं अवतरण लई आ लेखना प्रथम भागमां विवेचन कर्युं छे। स्वरयुग्म **अइ=इ** अने **अइ** क्रियापदना वर्तमानकाळना त्रीजा पुरुष, एकवचनमां मालूम पडे छे; ज्यारे तृतीया अने सप्तमी एकवचननां नाम तथा सर्वनामनां रूपमां ठेरठेर **ए** मालूम पडे छे। आज्ञार्थ बीजो पुरुष एक वचनमां पण **इने** स्थाने **ए** छे। बीजी साल वगरनी प्रत रूढ अने शिष्ट लेखनप्रकारे लखाई छे; हाथपोथीनो अक्षरमरोड सुंदर होई तेमां तत्कालीन लौकिक लेखनप्रकार मालूम पडतो नथी। आ रास सोळमा सैकाना पूर्वार्धनो छे ते माटे नीचेना पूरावा छे।

कन्हलि=पासे

कुमरकन्हलि तव आवीड मंत्री मुख निरखिइ। (कडी ३४९)

थउ=उपरथी.

कुमर तुरियथउ ऊतरिउ मिलि मारगि चालइ। (कडी ३५४)

कहीइं प्रीइं पसाउ न करिउ कहिसिइ गरभ किहांथउ धरिउ। (कडी १६२)

रइं = रहइँ =ने

अम्हरइं चडी अपूरव नारि। (कडी. २३८)

केटलीक हाथप्रतोमां अम्हनइं पाठ जडे छे; ए बतावे छे के जूनी शैली केवी रीते लहिआ तरफथी बदलवामां वती हती.

लगइ=मांथी

कटक लगइ सहू संवल दीध। (कडी. १८२)

रेसि=माटे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ललतां अंगना बेटा रेसि। (कडी. ३९०)

पाहिं=करतां **पाखि**=सिवाय त्यादि शब्दोना प्रयोगोनां अवतरणो विस्तार भये ज छोडी दउं छुं।

कर्मणनुं **सीताहरण, भालणनी कदंबरी, हर्षकुल**नी **वसुदेवचउपइ, भीम**नी **हरिलीला, जनार्दन**नुं **उषाहरण, लावण्यसमय**नो **विमलप्रबंध**

- आ ग्रन्थोमां प्रयोगो नहि जेवा ज बल्के अदृश्य थइ जाय छे **रेसि**नो प्रयोग कंईक अंशे सोळमा सैकाना अंत लगी रहे छे; **लगइं**नो 'सुधी' अर्थ कायम थाय छे; **रहइं**, ह्रइं, अने **रइं** अदृश्य थाय छे; **पाहिं**=करतां विकृतरूपे अने **पाखिं**=सिवाय हजु य कविता मां देखा दे छे। **थउ** नो **थो** थइने भूलाई जतो ठेठ प्रेमानंद सुधी मळे छे। स्वरयुग्ममां **अइ**नो **इ** अने **ए** प्रचलित थयां छे, क्रियापदना वर्त. 3. एक. व. मां **ए** लखवा करतां **इ** अने **अइ** जूना रूढ; ज्यारे **ए** नवो प्रचारमां आवे छे अने लौकिक उच्चारनां अनुबिंबसमा लखाणमां **ए** जोवामां आवे छे, **अउ**नो **ओ** लखायेलो सारी हाथप्रतोमां पण सोळमा सैकाना उत्तरार्धमां जोवामां आवे छे। पण साथे साथे **अउ**नां **ऊ, उ** अने **अउ** पण जोवामां आवे छे। लेखनप्रकारनां प्रमाणो अनुवादी प्रमाणो तरीके ठीक छे पण भाषाना स्वतन्त्र निर्णय माटे तो भाषाप्रयोगोनां प्रमाणो स्वतन्त्र अने सबळ छे।

रूढिथी शिष्ट लेखनप्रकारमां सं. १५७४ **भीम**नी **हरिलीला** नी हाथप्रत गु. व. सो. ना संग्रहमां छे, तेमां क्रियापद वर्त. 3. पु. ए. व. मां **अइ**नो **अइ** अने केटलेक स्थळे **इ** कर्यो छे. माथे मात्राने बदले पडीमात्रा घणे स्थळे प्रयुक्त छे; ज्यारे मारी **मृगांकलेखारास**नी सं. १५८२ नी प्रत शिष्ट लहिआनी लखेली न होइ घणी वार तत्कालीन उच्चारना अनुबिंबसमा लेखनप्रकारमां घणीवार सरी पडे छे।

लावण्यसमयनो **विमल प्रबंध** जे सं. १५८४ मां लखायेली प्रत प्रमाणे अक्षरशः प्रसिद्ध करवामां आव्यो छे तेमांथी नीचे टांचण आपुं छुः

रामा रंगि रमि सोगठे देतां दांन भोज इ हठे ।

नाचइ रंभ तिलोत्तम जोड कुतिगीआना पुहचि कोड ॥

ऊपरनां दृष्टांतमां क्रि. वर्त. ३. पु. ए.व=**रमि, हठे नाचइ, पुहचि, हठे** बतावे छे के क्रियापदमां अइनो ए लौकिक व्यवहारे प्रचारमां आव्यो हतो।

६. ऊपरनी चर्चानी तारवणी नीचे प्रमाणे छे।

प्राकृतप्रचुर तल गुजरातनी साहित्यभाषा, संस्कृतप्रचुर तल गुजरातनी साहित्यभाषा अने तल काठिआवाडनी लोकभाषा ए भेद तद्दन असमंजस छे। सोळमा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सैकानी गुजराती भाषा ब्राह्मणो, जैनो, पारसीओ अने वळी काठियावाडीओमां पण एक ज हती। काठिआवाडी लोकभाषानी असरने लीधे गुजरातनी भाषामां महत्वना फेरफार थयानुं मतमंडन वजुद वगरनुं ठरे छे।

स्वरयुग्म **अउ**नो ओ अने **उ** लखवानो प्रचार सोळमाना उत्तरार्धमां अस्तित्वमां आव्यो। आ त्रणेयनो उच्चार **अ+अ+उ** अने **व**नी वचटनी असर आथी करीने **(अउ=) ओ** अन **उ** एक बीजाना प्रास तरीके वपराता। कोक स्थळे **उ** अने **अ**नो पण प्रास तरीके उपयोग थतो। **अउ** जो के पंदरमा सोळमा सैकामां लेखन प्रकारे लखातुं पण ते ऊपर बताव्यो तेम-अथवा श्री. नरसिंहराव जेने अर्धविवृत **ओ** कहे छे तेम-उच्चार थतो। आ उच्चार प्रमाणे **अइ**नो पण अर्धविवृत्त **ए** उच्चार थतो जो को लेखनप्रकारमां **इ, ए, ए, अ, इय एय** विकल्पो सोळमा सैकानी उत्तरभागनी हाथप्रतोमां देखा दे छे। **अइने इ** अने **अइ** तरीके लखवानी रीति शिष्ट लेखको अनुसरता कारण के सोळमाना अंत सुधी अने ते पछी लगभग अर्धु सैकुं ए शिरस्तो चालु रह्यो एम हाथप्रतो उपरथी मालम पडे छे। लेखनप्रकार अने उच्चार ए समान न हता; पण केटलीकवार एम मालम पडे छे के रूपबंध छंदोमां के प्रासमां अपवाद तरीके उच्चार लेखनप्रकार प्रमाणे विकृत करातो।

(क्रमशः)

बुद्धिप्रकाश, पुस्तक -८२ अंक-१ मांथी साभार

श्रुतसागर के इस अंक के माध्यम से प. पू. गुरुभगवन्तों तथा अप्रकाशित कृतियों के ऊपर संशोधन, सम्पादन करनेवाले सभी विद्वानों से निवेदन है कि आप जिस अप्रकाशित कृति का संशोधन, सम्पादन कर रहे हैं अथवा किसी महत्त्वपूर्ण कृति का नवसर्जन कर रहे हैं, तो कृपया उसकी सूचना हमें भिजवाएँ, जिसे हम अपने अंक के माध्यम से अन्य विद्वानों तक पहुँचाने का प्रयत्न करेंगे, जिससे समाज को यह ज्ञात हो सके कि किस कृति का सम्पादनकार्य कौन से विद्वान कर रहे हैं? इस तरह अन्य विद्वानों के श्रम व समय की बचत होगी और उसका उपयोग वे अन्य महत्त्वपूर्ण कृतियों के सम्पादन में कर सकेंगे.

निवेदक

सम्पादक (श्रुतसागर)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पुस्तक समीक्षा

राहुल आर.त्रिवेदी

पुस्तक नाम - स्याद्वादपुष्पकलिका स्वोपज्ञ 'कलिकाप्रकाश' वृत्तियुता

कर्ता - उपाध्याय श्रीचारित्रनन्दी

संपादक - मुनि वैराग्यरतिविजय म.सा.

प्रकाशक - श्रुतभवन संशोधन केन्द्र, पूना

प्रकाशन वर्ष - २०७१(ई.२०१५), आवृत्ति- प्रथम

कुल पृष्ठ - ३२+१८४+२=२१८

भाषा - संस्कृत

भगवान महावीर के समय भिन्न-भिन्न अनेक वाद प्रचलित थे, अनेक दृष्टियाँ विद्यमान थीं। सभी अपने-अपने पक्ष को स्थापित करने में लगे हुए थे। जीव, जगत और ईश्वर के विषय में प्रश्न उठा करते थे। उनके नित्यत्व और अनित्यत्व के विषय में विवाद होते रहते थे। जीव और शरीर भेदाभेद को लेकर विवाद चलता रहता था, इन सभी उत्तरों के प्रति महावीरस्वामी ने उन विरोधी वादों का समन्वय करके उनके स्वीकार में अनेकान्तवाद की प्रतिष्ठा की। संसार के सभी व्यवहारों में कहीं न कहीं अनेकान्तवाद का आश्रय अवश्य लेना पड़ता है। अनेकान्तवाद के बिना संसार का सामान्य व्यवहार भी संभव नहीं है। अनेकान्तवाद सर्वत्र व्यापक है, इतना ही नहीं अपितु अनेकान्तवाद को गुरु की उपमा दी गई है। अतः यहाँ अनेकान्तवाद या स्याद्वाद को नमस्कार किया गया है। जिस तरह गुरु ज्ञानरूपी दीपक से अज्ञानतारूपी अंधकार का नाशक होता है, उसी प्रकार स्याद्वाद तत्त्व की अज्ञानता का नाशक एवं ज्ञानरूपी प्रकाश को देने वाला होता है। ऐसे ही सम्यग्ज्ञानरूपी प्रकाश को प्रकाशित करने के लिए संपादक मुनि श्रीवैराग्यरतिविजय म.सा. ने श्रुतभवन संशोधन केन्द्र, पूना से उपाध्याय श्रीचारित्रन्दी विरचित स्वोपज्ञ कलिकाप्रकाश वृत्ति युक्त स्याद्वादपुष्पकलिका को "स्याद्वादपुष्पकलिका स्वोपज्ञ कलिकाप्रकाशवृत्तियुता" नाम से प्रकाशित किया है।

स्याद्वादपुष्पकलिका द्रव्यानुयोग का ग्रंथ है। द्रव्यानुयोग विषयक ग्रंथ की परिभाषा कठिन होती है, अतः वे दुरूह होती हैं। उसके अध्येता भी अल्प होते

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हैं। इसलिए द्रव्यानुयोग विषयक ग्रंथ की संख्या अति अल्प है। यद्यपि ग्रंथ की परिभाषागत कठिनाईयों के कारण द्रव्यानुयोग को सरल भाषा में प्रस्तुत करना चुनौतीपूर्ण कार्य है, तथापि वह द्रव्यानुयोग को सरल भाषा में प्रस्तुत करता है, अतः इसका समीक्षात्मक संपादन करना आवश्यक माना गया है। स्याद्वादपुष्पकलिका के संशोधन में तीन प्रमुख समस्याएँ थीं - १) इस ग्रंथ की केवल एक ही पाण्डुलिपि थी। २) लेखन की दृष्टि से पाण्डुलिपि अशुद्ध थी। ३) मूल ग्रंथ भी व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध था। इन समस्याओं के कारण पाठसंशोधन में कठिनाईयों का अनुभव हुआ। समीक्षात्मक-पाठसंपादन के अनुलेखनीय-संभावना और आंतर-संभावना के सिद्धांतों का उपयोग करके इस ग्रंथ को यथासंभव शुद्ध संपादन करने का प्रयास पूज्यश्री ने किया है।

पुस्तक के प्रारंभ में चारित्रनंदी विरचित संस्कृत भाषाबद्ध स्वोपज्ञ वृत्तिसहित २६० श्लोकों को विषयानुसार विषयानुक्रम दिया है। कृति के कर्ता जिनका साहित्य सर्जन काल वि.सं. १८९० से १९१५ है, जो चुन्नीजी महाराज के नाम से प्रसिद्ध खरतरगच्छीय विद्वान थे ऐसे चारित्रनंदीजी महाराज की गुरुपरम्परा व अन्य रचनाओं का परिचय भी दिया गया है। अंत में दस परिशिष्ट दिए गए हैं, जिसमें स्याद्वादपुष्पकलिका मूलमात्र, गाथानामकारादिक्रम, स्थलसंकेत, विषयसारणि, पारिभाषिक शब्दकोश, व्याख्याकोश, विशेषनामकोश, श्रीदेवचंद्रजीकृत नयचक्रसार, संक्षेपचूचि एवं सम्पादनोपयुक्त ग्रंथसूचि भी दी गई है।

इस पुस्तक का मुद्रण भी बहुत सुंदर ढंग से किया गया है। आवरण भी कृति के अनुरूप आकर्षक व संदेशपरक बनाया गया है। ग्रंथ का सुचारू रूप से समीक्षात्मक संपादन व अनेक प्रकार के परिशिष्टों में अन्य कई महत्त्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन करने से प्रकाशन बहूपयोगी हो गया है।

इस पुस्तक के माध्यम से स्याद्वाद के विषय में तथ्यपरक जानकारी प्राप्ति होती है। संघ, विद्वद्वर्ग तथा जिज्ञासु इस प्रकार के उत्तम प्रकाशन से लाभान्वित होंगे। इस प्रकार श्रुतभवन की यह सर्जनयात्रा जारी रहे ऐसी शुभेच्छा है।

अन्ततः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि प्रस्तुत प्रकाशन जैन साहित्य के जिज्ञासुओं को प्रतिबोधित करता रहेगा। इस कार्य की सादर अनुमोदना के साथ कोटिशः वंदन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समाचार सार

पूज्य राष्ट्रसंत आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा का इन्दौरनगर में भव्यातिभव्य प्रवेश

परमपूज्य राष्ट्रसन्त आचार्य भगवन्त श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म. सा. आदिठाणा का दि. ३०-१२-२०१८ रविवार के दिन मध्यप्रदेश के इन्दौरनगर में मंगलमय प्रवेश हुआ। इस प्रवेश महोत्सव में श्वेताम्बर जैन मूर्त्तिपूजक श्रीसंघ कालानीनगर, श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्त्तिपूजक ट्रस्ट, कंचनबाग तथा श्री वीरमणि चन्द्रप्रभस्वामी जैन श्वेताम्बर मन्दिर एवं उपाश्रय रिलीजियस ट्रस्ट, ओएसिस टाउनशिप इन्दौर ने भाग लिया था।

प्रातःकाल ९.०० बजे कंचनबाग से शोभायात्रा का प्रारम्भ हुआ, जिसमें संगीत के साथ भजनों की प्रस्तुति करती हुई महिलाएँ, बैंड-बाजों की धुन पर आनन्दमग्न होकर थिरकते हुए युवावर्ग तथा जगह-जगह अगवानी करते हुए जैनसंघ साथ-साथ चल रहे थे। इस शोभायात्रा का समापन ९.३० बजे बास्केटबॉल रेसकोर्स रोड पर हुआ। वहाँ पहुँचकर विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें नीलवर्णा जैन श्वेताम्बर मूर्त्तिपूजक ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विजय मेहता, श्री शान्तिप्रिय डोशी तथा श्री कल्पक गाँधी के साथ-साथ उज्जैन, देवास, रतलाम तथा नागदा सहित अनेक शहरों के गुरुभक्तों ने उपस्थिति दी थी। इस अवसर पर श्री प्रदीप कासलीवाल, श्री चन्दनमल चोरडिया, श्री हसमुख गाँधी, डॉ. प्रकाश बांगानी, श्री बीसी बेताला, श्री हंसराज जैन, श्री संजय मोगरा, श्री मनीश सुराणा, श्री शेखर गेलड़ा, श्री बसन्त लुनिया, श्री विमल नाहर, श्री अभय छजलानी आदि जैन समाज के अग्रगण्य महानुभाव भी उपस्थित थे।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए परम पूज्य राष्ट्रसन्त ने कहा कि मनुष्य के लिए गलती को स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। व्यक्ति का स्वार्थ और अहंकार उसे ऐसा करने से रोकता है। इसके कारण आत्मा का उत्थान नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि अन्तरात्मा की आवाज उसे रोकती है, टोकती है, लेकिन वह अन्तरात्मा की आवाज को सुन नहीं पाता है। हमें इस विषय पर चिन्तन करना चाहिए ।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ के राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति ने इस महोत्सव की शोभा में चार चाँद लगा दिये । पूज्य राष्ट्रसन्त ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया तथा जैनसंघ के अग्रगण्य महानुभावों के द्वारा श्रीमती आनन्दीबेन पटेल का सम्मान किया गया । धर्मसभा के बाद समारोह में पधारे हुए सभी महानुभावों की साधर्मिक भक्ति की गई। वहाँ से परमपूज्य आचार्य श्री ने शौरीपुर तीर्थ की ओर प्रस्थान किया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पूज्य राष्ट्रसंत आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा के इन्दौर नगरप्रवेश की झलकियाँ.

पूज्य राष्ट्रसंत आचार्यदेव श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा से आशीर्वाद ग्रहण करती हुई मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ के राज्यपाल श्रीमती आनंदीबहन पटेल

जैन समाज की ओर से श्रीमती आनन्दीबहन पटेल का सम्मान करते हुए कंचनबाग संघ, इन्दौर के अध्यक्ष श्री विजय मेहता, श्री शान्तिप्रिय दोशी व श्री अरुणभाई दागड़िया.

For Private and Personal Use Only

Registered Under RNI Registration No. GUJMUL/2014/66126 SHRUTSAGAR (MONTHLY). Published on 15th of every month and Permitted to Post at Gift City SO, and on 20th date of every month under Postal Regd. No. G-GNR-334 issued by SSP GNR valid up to 31/12/2021.

१२ भावना के प्रतीक ५ चित्र.

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा

जि. गांधीनगर ३८२००७

फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२

फेक्स (०७९) २३२७६२४९

Website : www.kobatirth.org

email : gyanmandir@kobatirth.org

Printed and Published by : HIREN KISHORBHAI DOSHI, on behalf of SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. And **Printed at :** NAVPRABHAT PRINTING PRESS, 9, Punaji Industrial Estate, Dhobighat, Dudheshwar, Ahmedabad-380004 and **Published at :** SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.& Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. **Editor :** HIREN KISHORBHAI DOSHI

For Private and Personal Use Only